## –: न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नसीराबाद ( अजमेर ) :–

पीठासीन अधिकारी :– श्री राकेश कुमार गुप्ता (आर. ए. एस.)
राजस्व वाद संख्या :– 71/2021

उनवान

मन्जू पत्नी मदनलाल जाति रेगर निवासी ग्राम श्रीनगर, नसीराबाद
––– प्रार्थी :– जरियें अधिवक्ता श्री जितेन्द्र गुर्जर

बनाम

1. शान्ति पत्नी पन्नालाल जाति भांबी निवासी ग्राम लीरी का बाडिया, श्रीनगर, नसीराबाद
2. राजस्थान सरकार जरियें तहसीलदार नसीराबाद।

–– अप्रार्थीगण :– 1 जरियें अधिवक्ता श्री नौरतमल जैन
2 जरियें राज0 पैरोकार

---

आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 131 भू राजस्व अधिनियम 1956

---

–: आदेश :– दिनांक :– 22.6.22

अधिवक्ता प्रार्थी ने उक्त प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि कि ग्राम व प0म0 श्रीनगर तहसील नसीराबाद में स्थित भूमि का विवरण निम्न प्रकार है :

| वंर्किग ख0न0 | रकबा | हाल ख0न0 | रकबा | वि0वि0 |
|---|---|---|---|---|
| 994 | 4–0–0 | 1716 | 0.17 | प्रार्थी की खातेदारी |
| | | 1718 | 0.15 | |
| | | 1719 | 0.16 | |
| | | 1720 | 0.17 | |
| 992 | 0.38 | 1717 | 0.38 | अप्रार्थी संख्या 1 की खातेदारी |
| 993 | 0.16 | 1717/3511 | 0.05 | |
| | | 1717/9007 | 0.11 | |

ग्राम व प0म0 श्रीनगर तहसील नसीराबाद के वंर्किग खसरा नम्बर 994 रकबा 4–0–0 हाल खसरा नम्बर 1716 रकबा 0.17, 1718 रकबा 0.15, 1719 रकबा 0.16 व 1720 रकबा 0.17 की आराजी प्रार्थीगण की खातेदारी/काश्तकारी की है जो राजस्व अभिलेख में प्रार्थी के नाम खातेदारी दर्ज चली आ रही है। इसी प्रकार वंर्किग खसरा नम्बर 997 जिसके हाल खसरा नम्बर 1716/8957 व वंर्किग खसरा नम्बर 998 जिसके हाल खसरा नम्बर 1468/7789 व 1716/7790 है की आराजी अप्रार्थी संख्या 2 के [illegible] में [illegible] दर्ज है। वंर्किग खसरा नम्बर 992 व 993 के हाल खसरा नम्बर क्रमशः 1717 [illegible] 0.38, 1717/851 रकबा 0.11 व 1717/9007 रकबा 0.05 अप्रार्थी संख्या 1 की खातेदारी में दर्ज है जो राजस्व अभिलेख जमाबंदी में सही रूप से दर्ज है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rakesh Kumar Gupta
Date: 2022.10.07 10:39:38 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नसीराबाद ( अजमेर )

वंर्किग खसरा नम्बर 992, 993 व 994 का वर्किंग मानचित्र सही था जिसमें वंर्किग खसरा नम्बर 994 वंर्किग खसरा नम्बर 996 व 992, 993 के बीच में अंकित था। वंर्किग खसरा नम्बर 994 प्रार्थी की खातेदारी का है जबकि वर्किंग खसरा नम्बर 992 व 993 अप्रार्थी संख्या 1 की खातेदारी का है। वंर्किग खसरा नम्बर 994 एक ही रकबे में अंकित है। वंर्किग मानचित्र व मौके में उक्त खसरा नम्बर एक ही जगह स्थित है। वंर्किग खसरा नम्बर 994 रकबा 4-0-0 के हाल खसरा नम्बर खसरा नम्बर 1716 रकबा 0.17, 1718 रकबा 0.15, 1719 रकबा 0.16 व 1720 रकबा 0.17 बने है। बंदोबस्त विभाग ने हाल राजस्व मानचित्र बनाते समय वंर्किग खसरा नम्बर 994 के हाल खसरा नम्बर 1718, 1719 व 1720 को वंर्किग खसरा नम्बर 992 व 993 के स्थान पर अंकित कर दिया तथा अन्य हाल खसरा नम्बर 1716 रकबा 0.17 को पूर्व मानचित्र अनुसार दर्शाने के बजाय त्रुटिपूर्ण तरीके से वंर्किग खसरा नम्बर 997 के स्थान पर हाल खसरा नम्बर 1716/7790 के पास अंकित कर दिया जबकि हाल खसरा नम्बर 1716 को प्रार्थी की अन्य हाल खसरा नम्बर 1718, 1719 व 1720 के साथ पूर्व में सिथत वंर्किग खसरा नम्बर 994 के स्थान पर ही अंकित करना था। इसी प्रकार अप्रार्थी संख्या 1 के वंर्किग खसरा नम्बर 992 व 993 के हाल खसरा नम्बर 1717 रकबा 0.38, 1717/851 रकबा 0.11 व 1717/9007 रकबा 0.05 को पूर्व वंर्किग मानचित्र के अनुसार दर्ज करने के बजाय प्रार्थी के वंर्किग खसरा नम्बर 994 के स्थान पर तथा प्रार्थी की खातेदारी खसरा नम्बर 994 को अप्रार्थी संख्या 1 के खातेदारी खसरा नम्बर 992 व 993 के स्थान पर अंकित कर दिया। वंर्किग खसरा नम्बर 997 जिसके हाल खसरा नम्बर 1716/8957 व वंर्किग खसरा नम्बर 998 जिसके हाल खसरा नम्बर 1468/7789 व 1716/7790 है प्रार्थीगण की खातेदारी खसरा नम्बर से दूर स्थित है इसके उपरान्त भी प्रार्थी की खातेदारी खसरा नम्बर 1716 वंर्किग खसरा नम्बर 997 के स्थान पर अंकित कर दिया जबकि खसरा नम्बर 1716 वंर्किग खसरा नम्बर 994 से बना होने के कारण उसकी आकृति वंर्किग खसरा नम्बर 994 के अनुरूप ही हाल राजस्व मानचित्र में दर्ज करनी चाहिये थी। प्रार्थी व अप्रार्थी की आराजी का रकबा हाल राजस्व अभिलेख में पूर्व की भाति सही अंकित है। प्रार्थी वंर्किग मानचित्र के अनुसार ही मौके पर काबिज है। किन्तु हाल राजस्व मानचित्र में प्रार्थी की आराजी खसरा नम्बर 17161 1718, 1719 व 1720 को त्रुटिपूर्ण तरीके से इन्द्राज कर दिया जिसकी हाल नक्शे में दुरूस्ती किया जाना न्यायोचित होगा। जिसकी दुरूस्ती से अप्रार्थीगण के हितों पर विपरित प्रभाव भी नही पडेगा।

अतः आराजी मुतनाजा वंर्किग खसरा नम्बर 994 हाल खसरा नम्बर 1716 रकबा 0.17, 1718 रकबा 0.15, 1719 रकबा 0.16 व 1720 रकबा 0.17 को हाल राजस्व मानचित्र में वंर्किग मानचित्र अनुसार वंर्किग खसरा नम्बर 994 के स्थान पर ही एक साथ अंकित किया जावे। हाल खसरा नम्बर 1716 को वर्तमान मानचित्र में जिस स्थान पर अंकित किया है वहा से तर्क किया जावे। तथा अप्रार्थी संख्या 1 के वंर्किग खसरा नम्बर 992 व 993 को प्रार्थी की आराजी से हाल राजस्व मानचित्र मे हटाते हुये पूर्व मानचित्र अनुसार हाल नक्शे में अंकित किया जावे। प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों अनुसार हाल नक्शे में दुरूस्ती करने के आदेश पारित करते हुये तहसीलदार नसीराबाद को उक्तानुसार राजस्व मानचित्र में दुरूस्ती करने हेतु आदेश पारित किये जावे।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को जरियें नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 2 राज0 पैरोकार ने जवाब पेश कर निवेदन किया कि आराजी मुतनाजा अप्रार्थी संख्या 1 व प्रार्थी के नाम खातेदारी दर्ज है। वर्तमान नक्शे में वंर्किग खसरा नम्बर 994 के हाल खसरा नम्बर 1716, 1718, 1719, 1720 को वंर्किग खसरा नम्बर 992 व 993 के स्थान पर अंकित कर दिया है तथा 992 व 993 के हाल खसरा नम्बर 1717, 1717/8511, 1717/9007 को वंर्किग खसरा नम्बर 994 के स्थान पर अंकित कर दिया है। अतः पूर्व नक्शे के अनुसार नक्शा शुद्व किया जाना उचित होगा।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rakesh Kumar Gupta
Date: 2022.10.07 10:39:38 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नसीराबाद (अजमेर)

अप्रार्थी संख्या 1 ने जवाब पेश कर निवेदन किया कि राजस्व नक्शा सन 1970–71 के अनुसार वर्तमान राजस्व नक्शे में आवेदनकर्ता व अप्रार्थी संख्या 1 की भूमि की दुरूस्ती की जावे।

बहस उभयपक्ष सुनी गयी।

पत्रावली का अवलोकन किया। विद्वान अधिवक्तागण के तर्कों पर मनन किया। ग्राम व प0मं0 श्रीनगर तहसील नसीराबाद के वंर्किंग खसरा नम्बर 994 रकबा 4–0–0 हाल खसरा नम्बर 1716 रकबा 0.17, 1718 रकबा 0.15, 1719 रकबा 0.16 व 1720 रकबा 0.17 की आराजी प्रार्थीगण की खातेदारी की है। इसी प्रकार वंर्किंग खसरा नम्बर 997 जिसके हाल खसरा नम्बर 1716/8957 व वंर्किंग खसरा नम्बर 998 जिसके हाल खसरा नम्बर 1468/7789 व 1716/7790 है की आराजी अप्रार्थी संख्या 2 के खाते में सिवायचक दर्ज है। वंर्किंग खसरा नम्बर 992 व 993 के हाल खसरा नम्बर क्रमश 1717 रकबा 0.38, 1717/851 रकबा 0.11 व 1717/9007 रकबा 0.05 अप्रार्थी संख्या 1 की खातेदारी में दर्ज है। उक्त आराजी राजस्व अभिलेख जमाबंदी में सही रूप से दर्ज है। वंर्किंग खसरा नम्बर 992, 993 व 994 का वंर्किंग मानचित्र सही था जिसमें वंर्किंग खसरा नम्बर 994 वंर्किंग खसरा नम्बर 996 व 992, 993 के बीच में अंकित था। वंर्किंग खसरा नम्बर 994 एक ही रकबे में अंकित है। वंर्किंग खसरा नम्बर 994 रकबा 4–0–0 के हाल खसरा नम्बर खसरा नम्बर 1716 रकबा 0.17, 1718 रकबा 0.15, 1719 रकबा 0.16 व 1720 रकबा 0.17 बने है। बंदोबस्त विभाग ने हाल राजस्व मानचित्र बनाते समय वंर्किंग खसरा नम्बर 994 के हाल खसरा नम्बर 1718, 1719 व 1720 को वंर्किंग खसरा नम्बर 992 व 993 के स्थान पर अंकित कर दिया तथा अन्य हाल खसरा नम्बर 1716 रकबा 0.17 को पूर्व मानचित्र अनुसार दर्शाने के बजाय त्रुटिपूर्ण तरीके से वंर्किंग खसरा नम्बर 997 के स्थान पर हाल खसरा नम्बर 1716/7790 के पास अंकित कर दिया जबकि हाल खसरा नम्बर 1716 को प्रार्थी की अन्य हाल खसरा नम्बर 1718, 1719 व 1720 के साथ पूर्व में स्थित वंर्किंग खसरा नम्बर 994 के स्थान पर ही अंकित करना था। इसी प्रकार अप्रार्थी संख्या 1 के वंर्किंग खसरा नम्बर 992 व 993 के हाल खसरा नम्बर 1717 रकबा 0.38, 1717/851 रकबा 0.11 व 1717/9007 रकबा 0.05 को पूर्व वंर्किंग मानचित्र के अनुसार दर्ज करने के बजाय प्रार्थी के वंर्किंग खसरा नम्बर 994 के स्थान पर तथा प्रार्थी की खातेदारी खसरा नम्बर 994 को अप्रार्थी संख्या 1 के खातेदारी खसरा नम्बर 992 व 993 के स्थान पर अंकित कर दिया। वंर्किंग खसरा नम्बर 997 जिसके हाल खसरा नम्बर 1716/8957 व वंर्किंग खसरा नम्बर 998 जिसके हाल खसरा नम्बर 1468/7789 व 1716/7790 है प्रार्थीगण की खातेदारी खसरा नम्बर से दूर स्थित है इसके उपरान्त भी प्रार्थी की खातेदारी खसरा नम्बर 1716 वंर्किंग खसरा नम्बर 997 के स्थान पर अंकित कर दिया जबकि खसरा नम्बर 1716 वंर्किंग खसरा नम्बर 994 से बने होने के कारण उसकी आकृति वंर्किंग खसरा नम्बर 994 के अनुरूप ही हाल राजस्व मानचित्र में दर्ज करनी चाहिये थी। राज0 पैरोकार व अप्रार्थी संख्या 1 ने भी उक्त कथन की पुष्टि की है। प्रकरण में प्रार्थना पत्र का कोई खण्डन नहीं है। भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 के अन्तर्गत भू प्रबन्ध कार्यवाही समाप्त होने के बाद राजस्व मानचित्र को आदिनांक व सही रखने एवं पायी गयी त्रुटि दुरूस्त करने का दायित्व भू अभिलेख अधिकारी का है। उक्त प्रकरण में हाल राजस्व मानचित्र दुरूस्त होने से [illegible]

Signature Not Verified

Digitally signed by Rakesh Kumar Gupta
Date: 2022.10.07 10:39:38 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
नसीराबाद ( अजमेर )

नही पडेगा। हाल व पूर्व राजस्व मानचित्र के अवलोकन से भी वर्तमान नक्शा त्रुटिपूर्ण सिद्व होजा

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र "स्वीकार" किया जाता है। ग्राम श्रीनगर के वंर्किग खसरा नम्बर 994 हाल खसरा नम्बर 1716 रकबा 0.17, 1718 रकबा 0.15, 1719 रकबा 0.16 व 1720 रकबा 0.17 को हाल राजस्व मानचित्र में वंर्किग मानचित्र अनुसार वंर्किग खसरा नम्बर 994 के स्थान पर ही एक साथ अंकित किया जावे। हाल खसरा नम्बर 1716 को वर्तमान मानचित्र में जिस स्थान पर अंकित किया है वहा से तर्क किया जावे। तथा अप्रार्थी संख्या 1 के वंर्किग खसरा नम्बर 992 व 993 हाल खसरा नम्बर 1717/0.38, 1717/8511 रकबा 0.05, 1717/9007 रकबा 0.11 को प्रार्थी की आराजी से हाल राजस्व मानचित्र मे हटाते हुये पूर्व मानचित्र अनुसार हाल नक्शे में अंकित किया जावे। तहसीलदार नसीराबाद उक्तानुसार राजस्व अभिलेख मे दुरूस्ती करावे। पक्षकार खर्चा स्वयं वहन करे

आदेश सरे इजलास सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नसीराबाद

उपखण्ड अधिकारी ★ नसीराबाद (जिला-अजमेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Rakesh Kumar Gupta
Date: 2022.10.07 10:39:38 IST
Reason: SelfAttested